भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 4166

गुरुवार, 18 जुलाई, 2019/27 आषाढ़, 1941 (शक)

देहरादून-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना

4166. श्री अजय भट्टः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देहरादून-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य को कब मंजूरी दी गई थी;

(ख) उक्त परियोजना पर काम की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) उक्त परियोजना के पूरा होने में देरी के क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार ने उक्त परियोजना का काम पूरा करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ङ): दिल्ली से देहरादून की सम्पर्कता की परिकल्पना मेरठ और मुजफ्फरनगर के माध्यम से की गई है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रैसवे (निजामुद्दीन से यूपी गेट) को जून, 2018 में पूरा किया जा चुका है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रैसवे के यूपी सीमा-डासना खंड और डासना-मेरठ खंड (ग्रीनफील्ड संरेखण) को पूरा करने की निर्धारित तिथि क्रमशः मई, 2020 और दिसम्बर, 2019 है। मेरठ से मुजफ्फरनगर सड़क खंड का पहले ही चार लेन विन्यास के साथ निर्माण किया गया है। मुजफ्फरनगर-हरिद्वार खंड को चार लेन बनाने का कार्य रद्द कर दिया गया है क्योंकि रियायतग्राही वित्तीय संकट के कारण परियोजना को पूरा नहीं कर सका। इस सड़क खंड पर शेष कार्य के लिए निविदाएं 13.08.2019 की नियत तारीख तक मांगी गई हैं। निर्धारित समापन अवधि नियत तिथि से 18 महीने बाद की है। हरिद्वार-देहरादून खंड को चार लेन बनाने के कार्य को भी रद्द कर दिया गया है क्योंकि रियायतग्राही वित्तीय संकट के कारण परियोजना को पूरा नहीं कर सका। इस खंड पर शेष कार्य को जनवरी, 2020 की निर्धारित समापन तिथि के साथ नवंबर, 2019 में सौंपा गया है।

*****